अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

पुराना हाईकोर्ट भवन, गांधी चौक, बिलासपुर जिला–बिलासपुर (छ.ग.) 495001

फोन 07752-220032, 220033 फैक्स-07752-220007, 260294

E-mail- registrar@bilaspuruniversity.ac.in Website: www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमाक 3751 /गोपनीय/विज्ञान संकाय/2020 बिलासपुर, दिनांक 11.11.2020

अधिसूचना

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,बिलासपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्नातक प्रथम/द्वितीय वर्ष के नियमित छात्र/छात्राओं को विश्वव्यापी कोविड–19 के चलते यू.जी.सी.एवं छ.ग.शासन के दिशा–निर्देश के अनुसार आंतरिक मूल्यांकन में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रोन्नत किया गया है, उनमें से परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट तथा प्रायोगिक परीक्षा से वंचित छात्र–छात्राओं के लिये समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा अपने महाविद्यालय में दिनांक 19–11–2020 से 24–11–2020 के मध्य विशेष परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

अतः आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा से असंतुष्ट/प्रायोगिक परीक्षा से वंचित ऐसे समस्त छात्र/छात्रा विषयवार अपना ऑनलाईन आवेदन फार्म निर्धारित शुल्क रू. 250/–के साथ दिनांक 11–11–2020 से 17–11–2020 तक भर सकते हैं। महाविद्यालय दिनांक 28–11–2020 तक उक्त छात्रों का आंतरिक/प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन कर अंकों की प्रविष्ट ऑनलाईन पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज करेंगे।

टीपः–1/महाविद्यालय नियमित रूप से प्रवेशित छात्र–छात्राओं द्वारा प्रदत्त मोबाईल नं.पर संपर्क कर उन्हें विशेष रूप से अवगत करायेंगे एवं अपने वेबसाईट/सूचना पटल पर आवश्यक सूचना भी जारी करेंगे।

2/ प्रायोगिक परीक्षा माह फरवरी 2020 में प्रदत्त बाह्य परीक्षक से ही संपन्न करायें।

आदेशानुसार,

(हस्ताक्षर) 11.11.20

परीक्षा नियंत्रक

पृ0क 3752/गोपनीय/विज्ञान संकाय/2020 बिलासपुर, दिनांक 11.11.2020

प्रतिलिपिः–

01/कुलपति/कुलसचिव के निज सहायक को माननीय कुलपति/कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

02/वित्ताधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,बिलासपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

03/प्राचार्य,समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,बिलासपुर को इस आशय के साथ सूचनार्थ प्रेषित की कृपया उक्त अधिसूचना को अपने महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकनार्थ चस्पा करें।

04/संपादक/संवाददाता,दैनिक..........................समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करनें का कष्ट करें।

05/विश्वविद्यालय सूचना पटल/वेबसाईट पर अपलोड करनें हेतु।

(हस्ताक्षर) 11/11/2020

अधीक्षक (परीक्षा)